प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक 24.01.2025

- **थाना डेरापुर क्षेत्रान्तर्गत हत्या की घटना को अंजाम देने वाले 01 नफर अभियुक्त को थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद लकड़ी का डण्डा बरामद किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना डेरापुर पर वादिनी द्वारा उसके पति की हत्या की लिखित सूचना दी गयी जिसके आधार पर थाना डेरापुर पर दिनांक 20.01.2025 को मु0अ0सं0 014/2025 धारा 103(1)/49/352/351(2) बी0एन0एस0 बनाम 03 नफर नामजद अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था। मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित नामजद अभियुक्त बोबी उर्फ पुष्पराज पुत्र सिद्धनाथ निवासी ग्राम मवई मुक्ता थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात को मुंगीसापुर हाइवे पुल के नीचे से दिनांक 23.01.2025 को समय करीब 23.30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम मवई मुक्ता में सरकारी ट्यूब वैल के सामने सड़क पर सरसों के खेत में लगभग 20 कदम की दूरी पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद लकड़ी का डण्डा बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 19.01.2025 को ग्राम बेड़ामऊ में मेरा अपने पिता से सम्पत्ति को लेकर विवाद हो गया था। फिर मैंने दारू के नशे में रात्रि लगभग 08.00 बजे बाइक से आ रहे सिद्धनाथ व अमित उर्फ बीरू को छुन्ना उर्फ बृजेन्द्र शुक्ला के मकान के पास ग्राम मवईमुक्ता में रोड के किनारे पड़े डण्डे से पीट पीट कर हत्या कर दी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. बोबी उर्फ पुष्पराज पुत्र सिद्धनाथ निवासी ग्राम मवई मुक्ता थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी-

1. घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद डण्डा।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0014/2025 धारा 103(1)/49/352/351(2) बीएनएस0 थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना डेरापुर पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री देवेन्द्र कुमार

2. निरीक्षक अपराध श्री धीरेन्द्र सिंह
3. उ0नि0 श्री राहुल कुमार चौकी प्रभारी मुंगीसापुर
4. उ0नि0 श्री ग्रीश चन्द्र चौकी प्रभारी दस्तमपुर
5. उ0नि0 श्री रमेश चन्द चौकी प्रभारी बिहार घाट
6. उ0नि0 श्री केशव देव
7. उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह
8. का0 800 अहमद खान
9. का0 737 अनिल कुमार
10. का0 281 सुनील कुमार
11. का0 123 रवेन्द्र कुमार
12. का0 1087 मानवेन्द्र सिंह
13. का0 628 गौरव कुमार